Title: Need to provide more facilities at Alwar railway station in Rajasthan-Laid.

डॉ0 जसवंत सिंह यादव (अलवर) : राजस्थान में अलवर जिला एक महत्वपूर्ण जिला है। यहां प्रतिदिन हजारों व्यक्ति दूसरे जिलों से तथा अन्य पड़ौसी राज्यों से व्यवसाय एवं अन्य कार्यो के लिए रेलगाड़ी से आते और जाते हैं। अलवर रेलवे स्टेशन जर्जर अवस्था में है। इस स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी की व्यवस्था, महिलाओं के लिए टायलेट आदि तक उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा इस स्टेशन पर प्लेटफार्म की हालत टूटी-फूटी है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। सफाई की व्यवस्था भी नहीं के बराबर है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि अलवर रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाएं तथा इसके रखरखाव के लिए उचित कार्यवाही करें ताकि किसी भी दुर्घटना की संभावना को समाप्त किया जा सके।